तापमान
अधिकतम 34 .5 डिग्री
न्यूनतम 15 .5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 16 अक्टूबर, 2025

12 फेस्टिवल में छात्रों ने समृद्ध संस्कृति की झलक पेश की



12 नेता विपक्ष राहुल की ओर से एडीजीपी को श्रद्धांजलि दी



## खबर संक्षेप

### मनाना ग्राम की महिला सरपंच को नोटिस

**पानीपत।** समालखा के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) ने मनाना ग्राम पंचायत की सरपंच रेखा को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस वर्ष 2025-26 की पंचायती जमीन की बोली से प्राप्त 3 लाख 12 हजार 600 की राशि पंचायत खाते में जमा न करवाने के संबंध में भेजा गया है। सरपंच को दो दिन के भीतर बोली की तिथि से अब तक के 21 प्रतिशत पैनल ब्याज सहित पूरी राशि पंचायत खाते में जमा करवाने के निर्देश दिए हैं।

### कातिलाना हमले में पांच लोगों पर मामला दर्ज

**पानीपत।** गांव सिवाह में जमीनी विवाद में गोली लगने से घायल सुमित कादियान का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। इधर, सुमित के परिजन, पुलिस अधीक्षक से मिले और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने नरेंद्र व जीतेंद्र समेत पांच अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज किया है।

### मादक पदार्थ की तस्करी में दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए श्री की टीम ने सावे पुत्र अय्यूब निवासी कैराना उत्तर प्रदेश व इसके साथी निखिल पुत्र सुनील को 1 किलो 18 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी काले रंग की कार में गांव नौल्था से उरलाना की ओर आ रहे थे। दोनों को पुलिस टीम ने अटावला से उरलाना की ओर आने वाले रोड पर नाकाबंदी कर पकडा है। आरोपी यह अफीम राजस्थान के चित्तौड़गढ़ से कम कीमत पर खरीदकर लाए थे। वहीं, मतलौडा थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है।

### पिकअप ने मारी टक्कर, एक व्यक्ति घायल

**जींद।** गांव खेड़ा खेमावती में दूध ले जा रही पिकअप गाड़ी की टक्कर से सड़क पार कर रहा एक व्यक्ति घायल हो गया। सदर थाना सफीदों पुलिस नेगाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खेड़ा खेमावती निवासी जगदीश ने बताया कि उसका भाई रामकरण सड़क को पार कर रहा था। उसी दौरान तेजरफ्तार दूध ले जा रही पिकअप ने भाई को टक्कर मार दी। जिसमें भाई घायल हो गया।

## गुरुकुल कुरुक्षेत्र के 113वां वार्षिक महोत्सव का आयोजन

# राज्यपाल आचार्य देवव्रत बोले, वैदिक संस्कारों से होता है उत्तम मानव का निर्माण

*विद्यार्थियों ने भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान के साथ-साथ कल्पनाशक्ति और सृजनशीलता को दर्शाने वाली सुंदर कलाकृतियां प्रदर्शित की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह बड़े उत्साह, श्रद्धा और वैदिक मूल्यों तथा आधुनिक शिक्षा के प्रति समर्पण की भावना के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ 15 अक्टूबर को भव्य विज्ञान एवं ललित कला प्रदर्शनी से हुआ।

इसमें विद्यार्थियों ने भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान के साथ-साथ अपनी कल्पनाशक्ति और सृजनशीलता को दशार्ने वाली सुंदर कलाकृतियाँ प्रदर्शित कीं।

■ राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने किया विज्ञान एवं ललित कला प्रदर्शनी का उद्घाटन

प्रदर्शनी का उद्घाटन आचार्य देवव्रत राज्यपाल गुजरात एवं महाराष्ट्र के कर-कमलों द्वारा किया गया जिसका सभी विशिष्ट अतिथियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया जिससे पूरे समारोह में पवित्रता और उत्साह का वातावरण बन गया। गुरुकुल निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने कार्यक्रम का परिचय देते हुए संस्थान की उस शिक्षा नीति पर प्रकाश डाला, जिसमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नैतिक मूल्यों का सुंदर समन्वय किया गया है। मंच संचालन मुख्य संरक्षक संजीव कुमार आर्य ने अत्यंत कुशलता और सौम्यता के साथ किया।

कार्यक्रम का वातावरण तब और अधिक प्रेरणादायक बन गया जब देशबंधु आर्य ने आर्य समाज का ध्वज फहराकर समारोह के औपचारिक चरण की शुरूआत की। वैदिक मंत्रोच्चारण से पूरा परिसर आध्यात्मिकता और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के महामंत्री उमेद शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि वैदिक संस्कृति ही सच्चे ज्ञान और शिक्षा का आधार है। शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक सफलता प्राप्त करना नहीं है, बल्कि चरित्र निर्माण, अनुशासन और सेवा भावना का विकास भी आवश्यक है।



**कुरुक्षेत्र।** प्रदर्शनी का अवलोकन करते गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत। *फोटो : हरिभूमि*

### महर्षि दयानंद के आदर्शों पर चलें

*उमेद शर्मा ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे महर्षि दयानंद सरस्वती के आदर्शों पर चलें और सत्य, धर्म तथा सादगी का मार्ग अपनाएँ। उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थियों को आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा के साथ-साथ प्राचीन वैदिक ज्ञान को भी अपनाना चाहिए, क्योंकि दोनों का समन्वय ही देश के नैतिक और बौद्धिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। गुरुकुल के अध्यक्ष राजकुमार गर्ग ने भी विद्यार्थियों की मेहनत, प्रतिभा और रचनात्मकता की सराहना की। देशबंधु आर्य ने अपने प्रेरणादायक और मार्गदर्शक शब्दों से विद्यार्थियों को उत्साहित किया। उन्होंने उन्हें आर्य समाज के आदर्शों पर चलने और समाज की उन्नति में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। वार्षिकोत्सव का पहला दिन भारत की गौरवशाली वैदिक परंपरा और युवा पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के विश्वास से परिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।*

## गुरुकुल सिधपुर का वार्षिक उत्सव

# देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वस्थ नागरिक आवश्यक



**नीलोखेड़ी।** गुरुकुल सिधपुर के वार्षिक उत्सव का दीप प्रज्जवलित करते आचार्य देवव्रत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी

गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नागरिकों का स्वस्थ व निरोगी होना सबसे पहली शर्त है। वे सिधपुर (नीलोखेड़ी) स्थित गुरूकुल के वार्षिक उत्सव 'सद्गमय' में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नागरिकों में बढ़ते मोटापे पर व्यक्त चिंता बिल्कुल वाजिब है। जब तक लोग शारीरिक रूप से सक्षम नहीं होंगे, तब तक वे देश को आत्मनिर्भर नहीं बना सकते। उन्होंने गुरूकुल के विद्यार्थियों की दिनचर्या, अनुशासन और योगाभ्यास की सराहना करते हुए कहा कि यहां के बच्चे वास्तविक अर्थों में लौहपुरुष हैं। आचार्य देवव्रत ने कहा कि गुरूकुल शिक्षा प्रणाली तीन मूल स्तंभों — शिक्षा, शारीरिक क्रियाओं और संस्कार पर आधारित है। यही बच्चे भविष्य में राष्ट्र की दिशा तय करेंगे। उन्होंने गुरूकुल ज्योतिसर को एजुकेशन वर्ल्ड संस्थान द्वारा हरियाणा में प्रथम तथा देश में सातवां स्थान मिलने पर बधाई दी। राज्यपाल ने बताया कि सिधपुर गुरूकुल में 200 गायों के लिए गौशाला बनाई गई है, जहां गोमूत्र और गोबर से प्राकृतिक खेती की जाएगी। 1 नवंबर से छात्रों को इन गायों का दूध उपलब्ध होगा।

■ संस्कारी बच्चे ही राष्ट्र के निर्माता : आचार्य देवव्रत

## ड्यूटी से लौट रहे थे युवक

# हाइड्रा चालक की लापरवाही से हुए हादसे में दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

कक्कड़ माजरा स्थित लवली ढाबा के निकट हाइड्रा के पीछे टकराने पर बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान कक्कड़ माजरा के रुपेश (26) व दीपेन राज (26) के रूप में हुई।

दोनों दोस्त थे और पंचकूला के शिवालिक पोल्ट्री फार्म में काम करते थे। टक्कर लगने के बाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों की मदद से उन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। शहजादपुर थाना पुलिस ने हाइड्रा चालक पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहजादपुर थाना पुलिस को दी शिकायत में पतरेहड़ी गांव के दीपक ने बताया कि वह हैनफरुट कंपनी में बतौर सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। उनका साला कक्कड़ माजरा का रुपेश (26) पंचकूला के शिवालिक पोल्ट्री फार्म में नौकरी करता था। रात को वह अपने दोस्त कक्कड़ माजरा के दीपेन राज (26) के साथ बाइक पर उनसे मिलने के लिए पतरेहड़ी गांव आए थे। रात को ही वह वापस लौटे रहे थे। लवली ढाबा के निकट अचानक से कार को उठाने के लिए हाइड्रा सहित आए चालक ने बिना देखे ही अपने वाहन को मुख्य सड़क पर घुमा दिया। इस कारण साले की बाइक सीधा हाइड्रा से जा टकराई। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। अब पुलिस आरोपी चालक को तलाश रही है।

■ कक्कड़ माजरा स्थित लवली ढाबा के निकट हुआ हादसा

## आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ केस

# विदेश भेजने के नाम पर दो युवकों से हड़पे साढ़े 19 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में दो युवकों को विदेश भेजने के नाम पर साढ़े 19 लाख रुपये हड़प लिए गए। पहले मामले में व्यासपुर के गांव रानीपुर खुर्द निवासी जोनी को ऑस्ट्रेलिया में वर्क वीजा पर भेजने के नाम पर साढ़े 13 लाख रुपये तथा दूसरे मामले में रादौर के गांव भोगपुर निवासी विजय कुमार को रूस की सर्टिसाइड कंपनी में भेजने का झांसा देकर पांच लाख 80 हजार रुपये ऐंठ लिए। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर लिया है। गांव रानीपुर खुर्द निवासी अनुज कुमार ने बताया कि उसका भाई जोनी विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि गांव हल्दरी निवासी अंकुश, राहुल, सतीश तथा गांव खदरी निवासी निशांत लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह आरोपियों से मिला। आरोपियों ने उसके भाई को पहले न्यूजीलैंड तथा बाद में ऑस्ट्रेलिया वर्क वीजा पर भेजने का झांसा देकर उनसे साढ़े 13 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद आरोपियों ने उसके भाई को विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया। उधर, गांव भोगपुर निवासी नरेश कुमार ने बताया कि उसका भांजा विजय कुमार विदेश जाकर रोजगार करना चाहता था। उसकी मुलाकात तरनदीप सिंह उर्फ सागर तथा प्रदीप कुमार के साथ हुई। आरोपियों ने उसके भांजे को रूस की सर्टिफाइड कंपनी में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर पांच लाख 80 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद भी आरोपियों ने उसके भांजे को विदेश नहीं भेजा।

### 20 लाख की ठगी

**अंबाला।** ऑस्ट्रेलिया का वर्क वीजा लगवाने के नाम पर 20 लाख की धोखाधड़ी हो गई। समलेहड़ी गांव के लखमीर सिंह ने बताया कि पोते सतविंद्र को जमीन गिरवी रखकर आर्मेनिया देश में भेज दिया था। आर्मेनिया में पोते को एक युवक चिराग नरुला मिला, जिसने ऑस्ट्रेलिया का वर्क वीजा कम रुपयों में लगवाने की बात कही। आरोपी ने झांसे में लेकर पोते सतविंद्र के नाम पर करीब 20 लाख हड़प लिए। साथ ही काम भी नहीं करवाया।

# कुवि में एड्स जागरूकता कार्यक्रम आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज द्वारा राज्य स्तरीय रेड रन कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार 16 अक्टूबर को किया जाएगा। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि यह कार्यक्रम एचआईवी/एड्स जागरूकता विषय पर केंद्रित होगा और इसे रेड रिबन क्लब तथा यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। पूनिया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा होंगे। उनके साथ कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, यूथ रेड क्रॉस कोऑर्डिनेटर, एनएसएस कोऑर्डिनेटर, डीवाएसीए निदेशक, जनसंपर्क विभाग के निदेशक सहित विश्वविद्यालय के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना, समाज में मिथकों को दूर करना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7.00 बजे पंजीकरण के साथ होगा, जिसके बाद 7.30 बजे से 8.30 बजे तक रेड रन का आयोजन विश्वविद्यालय की सर्कुलर रोड पर दो चरणों में किया जाएगा। इसी दौरान क्रश हॉल में प्रातः 7.30 से 10.00 बजे तक रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रतिभागी एचआईवी/एड्स जागरूकता से संबंधित संदेशों को कलात्मक रूप में प्रस्तुत करेंगे। प्रतिभागियों के लिए 9.30 बजे जलपान की व्यवस्था, और 11.00 बजे से 1.00 बजे तक सीनेट हॉल में समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

■ कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा होंगे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि

# असलहा के बल पर शराब ठेके से नगदी व शराब लूटी

**जींद।** गांव बेलरखां में तीन युवकों ने असलहा के बल पर सेल्जमैन को काबू कर शराब ठेके से छह हजार रुपये की नगदी तथा दो शराब की बोतल लूट ली। सदर थाना नरवाना पुलिस ने सेल्जमैन की शिकायत पर तीन युवकों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव डाहौला निवासी प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव बेलरखां शराब ठेके पर सेल्जमैन के तौर पर कार्य करता है। मंगलवार शाम वह ठेके पर डयूटीरत था। उसी दौरान गांव बेलरखां निवासी बलिंद्र अपने दो साथियों के साथ ठेके अंदर आया। एक युवक ने उसे असलहा के बल पर काबू कर लिया। आरोपितों ने गल्ले से छह हजार की नगदी निकाल ली। आरोपित जाते समय ठेके से दो अंग्रेजी शराब की बोतल भी साथ ले गए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने सेल्जमैन प्रदीप की शिकायत पर आरोपित बलिंद्र को नामजद कर दो अन्य पर केस दर्ज किया है।

# व्यक्ति को कार से नीचे उतारकर की मारपीट

**यमुनानगर।** थाना छप्पर क्षेत्र के गांव कालावड़ में कुछ लोगों ने गांव डकौली निवासी रणधीर सिंह को कार से नीचे उतार कर उसके साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने कार के डैशबोर्ड में रखे 35 हजार रुपये, छह एटीएम कार्ड, सोने की अंगूठी तथा मोबाइल फोन लूट लिया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार डकौली निवासी रणधीर सिंह ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 10 अक्टूबर को रात साढ़े 10 बजे अपनी कार से जा रहा था। जब वह गांव कलावड़ के पास पहुंचा तो इस दौरान बलविंदर, अमरजीत, संतोष, रणजोत तथा संतरेश के लड़के ने उसे रास्ते में रोक लिया। आरोपियों ने उसे जबरदस्ती कार से नीचे उतारकर उस पर डंडों व रॉड से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। इस दौरान आरोपियों ने कार के डैशबोर्ड में रखे 35 हजार रुपये, छह एटीएम कार्ड, सोने की अंगूठी तथा मोबाइल लूट लिया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकियां देने लगे। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ कार के डैशबोर्ड में रखे 35 हजार रुपये, छह एटीएम कार्ड, सोने की अंगूठी तथा मोबाइल फोन लूटने का आरोप

## श्रीकपालमोचन मेला के प्रशासक एवं एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने दी जानकारी

# पवित्र सरोवरों में स्वच्छ जल भरने के कार्य का शुभारंभ

■ पांच दिवसीय अंतरराज्यीय मेले को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महर्षि वेदव्यास की कर्मस्थली व्यासपुर की पावन धरती पर स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक तीर्थ स्थल श्रीकपाल मोचन में एक नवंबर से पांच नवंबर तक आयोजित होने वाले पांच दिवसीय अंतरराज्यीय मेले को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

इसी क्रम में श्रीकपालमोचन तीर्थस्थल पर स्थित तीनों पवित्र सरोवरों ऋण मोचन, श्रीकपाल मोचन व सूरजकुंड सरोवर में सुबह के वक्त विधिवत पूजन कर स्वच्छ जल भरने के कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में मेला प्रशासक एवं एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल ने भाग लिया। उन्होंने विधिवत पूजन कर पवित्र सरोवरों में स्वच्छ जल भराव के कार्य का शुभारंभ किया। मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने बताया कि मुख्य प्रशासक श्राईन बोर्ड कम उपायुक्त यमुनानगर पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में महर्षि वेद व्यास की कर्मस्थली व्यासपुर में तीर्थ राज कपालमोचन में लगने वाले प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक अन्तरराज्यीय श्री कपालमोचन श्री आदिबद्री मेला 2025 के प्रबन्धों का कार्य प्रगति पर है। तीर्थ स्थल पर पवित्र सरोवरों में स्वच्छ जल भराव के कार्य का शुभारंभ किया गया है। क्योंकि मेला में पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालु तीनों पवित्र सरोवरों में क्रमवार स्नान करके पूण्य के भागी बनते हैं। मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने बताया कि मेला क्षेत्र में सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। मेला के प्रत्येक सैक्टर में एक एक प्राथमिक उपचार केन्द्र स्थापित कर 24 घंटे सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। ताकि श्रद्धालुओं को आवश्यकता पड़ने पर तुरंत प्राथमिक उपचार मिले। मेला क्षेत्र में तीनों सरोवरों, श्री बद्रीनारायण मंदिर व श्री केदारनाथ मंदिर पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु उपलब्ध करवाई जाने वाली व्हीलचेयर के साथ वोलिन्टियर को नियुक्त किया जाएगा।



**यमुनानगर।** व्यासपुर स्थित श्रीकपालमोचन तीर्थ स्थल पर सरोवरों में जल प्रवाहित होने पर पूजा के लिए जल भरते हुए पुजारी।

### श्रद्धालुओं को मिलेंगी सभी सुविधाएं

*मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने कहा कि कपालमोचन मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रशासन द्वारा अधिक से अधिक सुविधाएं देने का प्रयास होगा। उन्होंने कहा की मेले में सफाई व्यवस्था, दवाईयों के प्रबन्ध, अस्थाई शौचालयों, पेयजल के प्रबन्ध, सड़कों की मरम्मत, बिजली का प्रबन्ध, खाद्य सामग्री, दूध की आपूर्ति, बैरिकेटिंग, पुलिस प्रबन्ध व अन्य प्रबन्ध समय पर पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मेले में यात्रियों की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उचित प्रबन्ध पुलिस विभाग द्वारा किए जाएंगे व पूरे मेला क्षेत्र को चार सेक्टर में बांटा जाएगा। मेले के दिनों में बिजली की सप्लाई में कोई बाधा न आए और इसके लिए आवश्यकता अनुसार जनरेटरों का भी प्रबन्ध किया जाएगा ।*

# स्वदेशी अपनाकर होगा विकसित भारत का निर्माण : कंवरपाल



**शाहबाद।** पूर्व शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर का अभिनंदन करते सुभाष कलसाना।

**शाहबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाते हुए आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत भव्य कार्यक्रम का आयोजन शाहाबाद देवी मंदिर धर्मशाला में किया गया। भाजपा नेता सुभाष कलसाना की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान कंवरपाल गुर्जर ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक सरकारी नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक महाअभियान है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को स्वदेशी उत्पादों को अपनाना चाहिए, क्योंकि इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और स्थानीय उद्योगों को बल मिलेगा। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे रोजगार ढूंढने के बजाय, रोजगार देने वाले बनें। कार्यक्रम के आयोजक सुभाष कलसाना ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वदेशी वस्तुओं का महत्व समझाना और उन्हें 2047 तक विकसित भारत के संकल्प से जोड़ना है। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर इस संकल्प को दोहराएंगे। शाहाबाद पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से पूर्व शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर का भव्य अभिनंदन किया गया।

## खबर संक्षेप

### परीक्षा से विद्यार्थियों ने जाने यातायात के नियम

**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर में बुधवार को सड़क सुरक्षा विषय पर परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में यातायात नियमों, सुरक्षित आवागमन और सड़क अनुशासन के प्रति जागरुकता फैलाना था। कार्यक्रम का आयोजन ट्रैफिक पुलिस विभाग के अधिकारियों तथा शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में किया गया।

इस परीक्षा में कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा की शिक्षा जीवन का मूल्य और नियमों का पालन करने की महत्ता समझाती है।

### नाबालिग लड़के पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास

**यमुनानगर।** कस्बा व्यासपुर में गणपति स्कूल के सामने रंजिश के चलते कुछ युवकों ने एक नाबालिग लड़के की बाइक पर गाड़ी चढ़ाकर उसे जान से मारने का प्रयास किया। घायल लड़के का इलाज अस्पताल में चल रहा है। न्यू महानंद कॉलोनी छछरौली निवासी रणदीप सिंह ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका 17 वर्षीय लड़के दिलराज की कुछ दिन पहले गांव डाकवाला निवासी कृष, खानुवाला निवासी हरमन, मियांपुर निवासी जैसिल व हरमन के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी।

## लोहगढ़ स्मारक के निर्माण कार्य को लेकर बैठक का आयोजन

# बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक का 27 अक्तूबर से निर्माण शुरू

**पूर्व मंत्री कंवरपाल ने की बैठक की अध्यक्षता, 27 अक्तूबर को समागम होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक लोहगढ़ के निर्माण कार्य को लेकर बुधवार को जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों समेत सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने की। मौके पर उपायुक्त पार्थ गुप्ता और मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि 27 अक्तूबर को लोहगढ़ में समागम का आयोजन किया जाएगा। समागम के दौरान बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक लोहगढ़ के निर्माण कार्य की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय आवासन शहरी मामले और ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने लोहगढ़ को महत्वपूर्ण स्थान दिया है और वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी इस योजना को प्रमुखता के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़ स्मारक के निर्माण कार्य को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

### बाबा बंदा सिंह बहादुर की यादें होंगी ताजा

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक लोहगढ़ दुनिया में ऐतिहासिक स्थल होगा, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोगों का आवागमन रहेगा। उन्होंने कहा कि मुगल शासकों के अत्याचारों के खिलाफ बाबा बंदा सिंह बहादुर ने संघर्ष किया और अपनी सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा की। यह स्मृति स्थल अतीत की यादों के साथ भविष्य में भी युवाओं को प्रेरित करेगा। स्मारक में बाबा बंदा सिंह बहादुर के संघर्ष, वीरता और साहस का परिचय मिलेगा। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। नई पीढ़ियों को इतिहास से अवगत करवाने की हरियाणा सरकार की यह एक महत्वपूर्ण परियोजना है।

### बाबा के जन्मदिवस पर होगा निर्माण कार्य शुरू

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि 27 अक्तूबर को बाबा बंदा सिंह बहादुर के जन्मदिवस पर स्मारक का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने आम जन और सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से निर्माण कार्य के दौरान आयोजित समागम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह ने बाबा बंदा सिंह बहादुर के स्मारक के निर्माण कार्य को ऐतिहासिक बताया। कार्यक्रम का संचालन डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार ने किया। इस अवसर पर एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल, ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य एसएस पाहवा, गुरुनानक खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल अरविंदर सिंह, डीएसपी व्यासपुर हरविंदर सिंह, भाजपा पार्षद सरदार हरभजन सिंह व कार्यकर्ता प्रद्युमन सिंह लाडी, गुरमेहर सिंह, सोनू, इंद्रजीत सिंह व सहज दुग्गल आदि मौजूद रहे।

## पेट्रोल पंप का किया औचक निरीक्षण, भरे सैंपल



**यमुनानगर।** व्यासपुर स्थित पेट्रोल पंप का निरीक्षण करते हुए एसडीएम जसपाल सिंह गिल व अन्य अधिकारी।

- सरकार के निर्देशों की पालना नहीं करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई : गिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार द्वारा पेट्रोल पंपों पर तेल की गुणवत्ता को लेकर जारी किए गए आदेशों के मद्देनजर व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल व डीएफएससी जतिन मित्तल ने कपाल मोचन रोड व्यासपुर स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम व अन्य अधिकारियों ने पेट्रोल पंप पर तेल का माप लिया और पेट्रोल के सैंपल लेकर गुणवत्ता की जांच के लिए उन्हें लैब में भेजा गया।

एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने पेट्रोल पंप के संचालक को सरकार द्वारा जारी आदेशों की कड़ाई से पालना करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पेट्रोल पंप संचालक सरकार के नियमों की उल्लंघना करता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पेट्रोल पंपों के मालिकों को समझाया कि अपने-अपने पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं के लिए पेयजल व्यवस्था, शौचालयों के साथ-साथ अन्य सुविधा उपलब्ध करवाएं। उन्होंने मौके पर पेट्रोल पंप पर उपभोक्ताओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर अपनी टीमों के साथ पेट्रोल पंपों का निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिए। इससे पहले भी टीम अन्य पेट्रोल पंपों का निरीक्षण कर चेतावनी जारी कर चुकी है। मौके पर खाद्य आपूर्ति निरीक्षक गुलशन राय, अधीक्षक राकेश कुमार, मापतोल निरीक्षक मोहन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर बच्चों ने नारे लगाते हुए जागरुकता रैली निकाली

- लाइक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

लाइक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में बुधवार को सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों व आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य मंजू रानी द्वारा किया गया। इसके पश्चात छात्रों ने सड़क सुरक्षा पर नारे लगाते हुए रैली निकाली जोकि विद्यालय परिसर से होते हुए आसपास के क्षेत्रों से निकली। कक्षा चौथी से दसवीं कक्षा तक के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कक्षा चौथी की छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित नाट्य प्रतियोगिता भी प्रस्तुत की गई। सभी छात्रों को इस विषय से संबंधित प्रश्न पूछे गए। मंजू रानी द्वारा सभी छात्रों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। उन्होंने छात्रों को बताया कि नागरिकों को यातायात के नियमों का पालन करते हुए सड़क पर चलते समय हेलमेट पहनना, सड़क पर चलते समय जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने छात्रों को मोबाइल का प्रयोग न करने व सड़क संकेतों का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों को कहा कि सड़क सुरक्षा सिग्नल का पालन करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को बताया सड़क सुरक्षा का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है।



**यमुनानगर।** लाइक पब्लिक स्कूल रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

## कोरोना में दुकानदारी ठप हुई तो जहर खाकर दी जान

- कुलदीप नगर कॉलोनी में दुकान चलाता था रणधीर, दो बच्चों का पिता है मृतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर की कुलदीप नगर कॉलोनी में दुकानदारी के ठप होने के कारण परेशानी के चलते व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि मृतक दो बच्चों का पिता है। वह परचून की दुकान चलाता था। मगर कोरोना के बाद से उसे नुकसान होने लगा था, जिसके बाद से उसकी दुकानदारी ठप हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, गांधी नगर थाना के जांच अधिकारी एसआई शुभम सिंह ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि कुलदीप नगर निवासी रणधीर ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। अस्पताल में इजाल के दौरान उसकी मौत हो गई है। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच करने पर पता चला कि रणधीर सिंह परचून की दुकान चलाता था। कोरोना काल के बाद उसे दुकानदारी में लगातार नुकसान होने लगा था। रणधीर सिंह ने दुकान में अन्य सामान रखकर काम को बढ़ाने का प्रयास किया मगर उसे सफलता नहीं मिली। धीरे-धीरे करके उसका काम पूरी तरह से ठप हो गया। जिसके बाद से वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। रात को रणधीर सिंह घर लौटा तो वह जहर खा चुका था, अस्पताल में मौत हो गई।

## शिवांश व जानवी को मिली हेड की जिम्मेदारी, बैज देकर शपथ दिलाई

- नेशनल पब्लिक स्कूल कैंप में हुआ अलंकरण समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नेशनल पब्लिक स्कूल कैंप में बुधवार को अलंकरण समारोह-2025 का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस दौरान स्कूल प्रबंधक आरएस पुंडीर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने मौके पर सभी चयनित छात्र परिषद के सदस्यों को बैज और सैशे वितरित किए। शिवांश कांबोज को हेड ब्वॉय व जानवी चौहान को हेड गर्ल चुना गया। इसी तरह आजाद सदन से 12वीं की प्रीति ढींगरा को कैप्टन व 11वीं की लक्षिता को वाइस कैप्टन बनाया गया। दसवीं कक्षा की अनुभवी को कैप्टन व नौवीं कक्षा की अनुष्का को वाइस कैप्टन बनाया गया। सुभाष सदन से 12वीं की दिव्या को कैप्टन व 11वीं की आयुषी शर्मा को वाइस कैप्टन गया। जबकि दसवीं कक्षा की श्रेया कैप्टन व नौवीं की आशिया वाइस कैप्टन चुनी गई।

इसी तरह से टैगोर सदन से 12वीं कक्षा के प्रतीक सैनी कैप्टन व 11वीं कक्षा की सिद्धि शर्मा वाइस कैप्टन, दसवीं की हिमांशी कैप्टन व नौवीं की काव्या कुठरा वाइस कैप्टन बनाई गई। जबकि शस्थ सदन से 12वीं कक्षा की मानसी कैप्टन व 11वीं के रिहान चौधरी वाइस कैप्टन तथा दसवीं कक्षा से मानवी चौहान कैप्टन व नौवीं कक्षा से सरवी कांबोज वाइस कैप्टन बने।



**यमुनानगर।** नेशनल पब्लिक स्कूल कैंप में आयोजित अलंकरण समारोह के दौरान एक साथ खड़े चयनित सदस्य।

## रामपुर कॉलोनी में दंत जांच शिविर में 60 लोगों का किया इलाज



**यमुनानगर।** दंत चिकित्सा शिविर में भाग लेते हुए चिकित्सकों की टीम।

**यमुनानगर।** डीएवी डेंटल कॉलेज यमुनानगर द्वारा बुधवार को रामपुरा कॉलोनी स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में निःशुल्क दंत चिकित्सा एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रूप में फिल्म अभिनेता सुपरस्टार संजय दत्त की चाची पुनीता दत्त ने भाग लिया। मौके पर उनके बेटे युवराज भी मौजूद रहे। शिविर में डीएवी डेंटल कॉलेज के चिकित्सकों डॉ. तेजस्वी, डॉ. अविरल, डॉ. अर्पिता, डॉ. जयीश, डॉ. शुभम, डॉ. टीशा, डॉ. मानसी, डॉ. सिमरन, डॉ. जिनीशा, डॉ. आतिश, डॉ. रिद्धिमा, डॉ. निहारिका, डॉ. पूजा व डॉ. हिमानी की टीम ने 60 लोगों के दांतों की जांच की। मौके पर मंदिर के आचार्य शारदा मिश्रा ने सभी का धन्यवाद किया। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर आईके पंडित के दिशा-निर्देशानुसार जिला भर के गांव व शहरों में समय-समय पर निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाए जा रहे हैं।

## साइबर सुरक्षा में कॅरियर बनाएं : केतन

- जेएमआईईटीआई कॉलेज रादौर में व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईईटीआई कॉलेज रादौर के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के तत्वावधान में साइबर सुरक्षा विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रुप में मैक सिक्योरिटीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी केतन ने भाग लिया, जबकि अध्यक्षता मिस उपासना सूद ने की। मुख्य वक्ता केतन ने विद्यार्थियों को साइबर अटैक के प्रकार, डेटा प्रोटेक्शन तकनीक, एथिकल हैकिंग, नेटवर्क सिक्योरिटी, साइबर लॉ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को वास्तविक उदाहरणों, केस स्टडीज व इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार साइबर थ्रेट्स से बचाव किया जा सकता है। मुख्य वक्ता केतन ने बताया कि किसी भी संस्था या व्यक्ति के लिए साइबर एथिक्स और रिस्पॉन्सिबल डिजिटल बिहेवियर कितना आवश्यक है।



**यमुनानगर।** जेएमआईईटीआई कालेज रादौर में आयोजित व्याख्यान में साइबर सुरक्षा की जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता।

### साइबर सुरक्षा जरूरी

उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में करियर अवसरों का लाभ उठाए जाने और देश के डिजिटल विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्ष मिस उपासना सूद ने कहा कि साइबर सुरक्षा आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति का डेटा, पहचान व वित्तीय जानकारी अब डिजिटल रूप में संग्रहित है। ऐसे में विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में न केवल सैद्धांतिक बल्कि व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त होना आवश्यक है। कार्यक्रम के समापन पर कॉलेज निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने मुख्य वक्ता का महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए आभार व्यक्त किया।

## प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों में बढ़ता है आत्मविश्वास : कुमार



**यमुनानगर।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय में विजेता बच्चों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

**रादौर।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय बैंडी में गत दिवस आयोजित खंडस्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विद्यालय के मुख्य अध्यापक विजय कुमार ने भाग लिया। स्कूल के अध्यापक पूर्ण सिंह ने बताया कि गत दिवस रादौर में खंडस्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उनके स्कूल की लड़कियों ने समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, लड़का व लड़की वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि रस्साकस्सी प्रतियोगिता में भी लड़का वर्ग व लड़की वर्ग की टीमों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि एकल नृत्य प्रतियोगिता में गरिमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर सतीश वशिष्ठ, वीरेंद्र कुमार, सुखदेव, रजनी और राजीव मौजूद रहे।

## सपनों को पूरा करने के लिए साहस के साथ बढ़ें आगे



**यमुनानगर।** मुकंदलाल कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में बुधवार को वाणिज्य विभाग की ओर से एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान गवर्नमेंट कॉलेज निगदू से प्रो. आशू कुमार गर्ग बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए। व्याख्यान का विषय उद्यमिता विकास रहा। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। प्रो. नवीन भारद्वाज व प्रो. पूजा वर्मा ने मुख्य वक्ता का परिचय करवाया। मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में बच्चों को बताया कि उन्हें हर क्षण का आनंद उठाना चाहिए। बिना डरे साहस के साथ आगे बढ़कर अपने सपनों को पूरा करना चाहिए। उन्होंने बताया कि हमें चुनौतियों को अवसरों में बदलकर उनका फायदा उठाना चाहिए। उद्यमी वह होता है जो समस्या को देखकर भागता नहीं है, बल्कि उसको अवसर में बदल देता है। मौके पर प्रो. आशीष भल्ला, प्रो. पिंकी, प्रो. जयचंद, प्रो. बंटी कुमार, प्रो. सिमरन व संजू कुमार आदि मौजूद थे।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों को समझाए संस्कार

# विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम में वृद्धों का लिया आशीर्वाद

**भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने वृद्धजनों व बच्चों को बांटी मिठाइयां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर के विद्यार्थियों ने शहर स्थित वृद्धाश्रम व अनाथाश्रम का शैक्षणिक भ्रमण कर बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने वहां रहने वाले बुजुर्गों व महिलाओं और अन्य को खाद्य सामग्री समेत अन्य सामान भेंट किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में मानवता, सहानुभूति, सेवा भाव तथा समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को प्रबल करना रहा। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण को लेकर विद्यालय में अभियान चलाकर सामग्री संग्रह की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने कपड़े, खिलौने, पुस्तकें, खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुएं एकत्रित की। इसके बाद इन्हें अनाथाश्रम एवं वृद्धाश्रम में जाकर भेंट किया गया। उन्होंने बताया कि भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने वृद्धजनों एवं बच्चों के साथ समय बिताया और उनसे जीवन के अनुभव सुने। विद्यालय के विद्यार्थियों ने मिलकर गीत और कविता पाठ प्रस्तुत किया। मौके पर विद्यार्थियों ने सभी बच्चों और वृद्धों के साथ त्योहारों का छोटा सा उत्सव भी मनाया और मिठाइयां बांटी।



### समाज से जुड़ें

मौके पर दीप जलाए गए। विद्यालय के चेयरमैन राम निवास गर्ग ने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम को सराहनीय कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक नहीं बल्कि नैतिक और सामाजिक शिक्षा भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक और भावनात्मक अनुभव रहा। इस कार्यक्रम ने उन्हें यह सिखाया कि सच्ची खुशी दूसरों की सहायता में है।

## भाषण में ट्राफी जीतने पर वेधा व धनिष्का का सम्मान



**यमुनानगर।** डीएवी स्कूल रादौर में विजेताओं को सम्मानित करते प्रिंसिपल रमन शर्मा व अन्य।

**रादौर।** डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर के विद्यार्थियों ने अंबाला के डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में आयोजित महात्मा आनंद स्वामी स्मृति भाषण प्रतियोगिता में पहला व दूसरा स्थान हासिल कर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया। बच्चों के स्कूल पहुंचने पर उन्हें सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल रमन कुमार शर्मा ने बताया कि डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल अंबाला में महात्मा आनंद स्वामी जी की स्मृति में हिंदी भाषा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में कैथल, अंबाला, जगाधरी व यमुनानगर से लगभग 25 प्रतिष्ठित स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिसमें वरिष्ठ वर्ग से स्कूल की वेधा ने प्रथम तथा कनिष्ठ वर्ग से धनिष्का ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया।

## खबर संक्षेप


कुरुक्षेत्र। परीक्षा देते बच्चे।

### सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी होना जरूरी

कुरुक्षेत्र। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय हथीरा में सड़क सुरक्षा परीक्षा देते हुए कक्षा तीसरी से पांचवीं के बच्चों ने भाग लिया। मुख्य शिक्षक सूबे सिंह सुजान ने कहा कि बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी बहुत आवश्यक है हमें आशा है कि इस दिशा में यह परीक्षा महत्वपूर्ण योगदान देगी।

### जिला कोर्ट परिसर में रक्तदान शिविर आज

कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से 16 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक जिला कोर्ट परिसर के प्रांगण में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से 16 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले विशाल रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोग अपनी स्वेच्छा से रक्तदान कर सकते है। इस रक्तदान से किसी अनजान व्यक्ति के जीवन को बचाया जा सकता है।

### दिव्यांग छात्रवृति योजना के लिए 31 तक आवेदन

लाडवा। उपमंडल अधिकारी नागरिक पंकज सेतिया ने कहा कि दिव्यांग छात्रों के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग केंद्र सरकार द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक, प्री-मैट्रिक व टॉप क्लास एजुकेशन स्कॉलरशिप योजना चलाई जा रही हैं। इसके तहत दिव्यांग छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने का प्रावधान है। एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए छात्रों को पोर्टल पर आवेदन करना होगा। इसकी अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित कर गई है।

### पोषण माह में महिलाओं की भूमिका अहमः मंजू

कुरुक्षेत्र। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार पोषण माह अभियान के तहत जी.ए.डी. गुमथला गढ़ू के अंतर्गत गांव अरनैचा में आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारम्भ विधिवत रूप से भगवान धन्वन्तरि की प्रतिमा को दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने पोषण माह के अंतर्गत चलने वाले शिविरों में बताते हुए कहा कि पोषण माह में महिलाओं की भूमिका परिवार और राष्ट्र के सशक्तिकरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में राष्ट्रीय तीरंदाजी खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

# राष्ट्रीय तीरंदाजी में दक्षिण क्षेत्र ने कबजाई ओवरऑल ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय अखिल भारतीय तीरंदाजी खेलकूद समारोह का भव्य समापन हुआ। विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के संरक्षक सुरेंद्र अत्री ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वंदना के पश्चात विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह ने सभी अतिथि महानुभावों का परिचय कराते हुए सभी अतिथियों का सत्कार किया। खेलकूद समारोह की संयोजिका बिंदु शर्मा ने समारोह का वृत्त प्रस्तुत करते हुए बताया कि संपूर्ण भारत के 10 क्षेत्रों से लगभग 300 खिलाड़ी लड़के और लड़कियों ने भाग लिया। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुरेंद्र अत्री ने विद्या भारती की खेलों में भूमिका विषय पर विस्तार से अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया, उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के उदाहरण देते हुए समझाया की एकाग्रता के द्वारा कठिन से कठिन कार्य भी सरलता से किया जा सकता है।


कुरुक्षेत्र। विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण।

### हार-जीत जीवन का एक अभिन्न अंग

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हिंदू शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा ने कहा कि हार-जीत जीवन का एक अभिन्न अंग है,जो खिलाड़ी कोई स्थान प्राप्त नहीं कर सके उनको अपने अभ्यास को बढ़ाते हुए एकाग्रता से लक्ष्य प्राप्त करना है। चेतराम शर्मा ने सफल आयोजन के लिए गीता निकेतन आवासीय विद्यालय की प्रबंध समिति,आचार्यों एवं सभी कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक पवन गुप्ता, उत्तर क्षेत्र खेल अधिकारी मलखान सिंह, सुभाष बंसल, सतपाल शर्मा, किरण इत्यादि गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### प्रदेश में पहली बार हुई स्पर्धा

*कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संपूर्ण सिंह ने कहा कि है प्रसन्नता का विषय है कि हरियाणा प्रांत में प्रथम बार राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिताएं हो रहीं हैं,विद्या भारती के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में विशेष भूमिका निभा रहे हैं, विद्या भारती छात्रों के पञ्च कोशीय विकास के लिए योजना पूर्वक कार्य करती है। तत्पश्चात प्रांत खेल प्रमुख श्री किशोर चौहान द्वारा परिणाम घोषणा की गई।*

### तमिलनाडू से संजीव प्रथम

*अंडर-14 लड़कों की प्रतियोगिता में तमिलनाडु प्रांत से संजीव ने 545 अंकों के साथ प्रथम और खिलाड़ी आकाश ने 509 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-14 बहनों की प्रतियोगिता में तमिलनाडु प्रांत से बहन निशीथा ने 292 अंकों के साथ प्रथम स्थान और खिलाड़ी श्री ने 35 अकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया।*

### अंडर 17 में दिशांत 681 अंक के साथ प्रथम

*अंडर-17 लड़कों की प्रतियोगिता में राजस्थान से दिशांत चौधरी 681 अंकों के साथ प्रथम स्थान और विशाल 518 अंको के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अंडर-19 लड़कों की प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश से अभिषेक 529 अंकों के साथ प्रथम स्थान एवं हरियाणा से मयंक सैनी 506 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। अंडर-19 लड़कियों की प्रतियोगिता में तमिलनाडु प्रांत से खिलाड़ी प्रवीना 608 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश से ख्याति यादव 575 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही। सभी प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दक्षिण क्षेत्र ने ओवरऑल ट्रॉफी प्राप्त की। मंचासीन सभी अतिथि एवं अधिकारियों ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत*

# 8.5 एकड़ में अवैध कालोनी में निर्माण को किया नष्ट

**पुलिस बल के साथ डीटीपी टीम की कार्रवाई**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राजस्व संपदा थानेसर के गांव मिजार्पुर व किरमच में लगभग 8.5 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। यह डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने थानेसर के गांव मिजार्पुर व गांव किरमच में राजस्व संपदा थानेसर में लगभग 8.5 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में बनी सडकें, सीवरेज और मेनहॉल और गेट के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा थानेसर के गांव मिजार्पुर में लगभग 5.5 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी व गांव किरमच में लगभग 3 एकड़ में पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामियों ने ना तो अवैध निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की।

### सस्ते प्लाटों के चक्कर में न आए

*कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करे। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त कर लें। सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी रजिस्ट्री करने से पहले सरकार द्वारा जारी हिदायतों की पालना करें।*

# बच्चों को संस्कार देना जरूरी : मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- राजकीय विद्यालय कलाल माजरा में जनकल्याण समिति ने कार्यशाला का किया आयोजन

बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देना अति आवश्यक है यह शब्द जन कल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष दलबीर मलिक ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय कलाल माजरा में जनकल्याण द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला में बोलते हुए कहे। राजकीय माध्यमिक विद्यालय कलाल माजरा में जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र हरियाणा द्वारा शिक्षा संस्कार और संस्कृति विषय पर एक दिन का कार्यशाला लगाई गई, जिसमें जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष दलबीर मलिक ने उपस्थित छात्रों और ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज में शिक्षा संस्कार और संस्कृति तीनों का होना अति आवश्यक है । यदि युवाओं को केवल शिक्षा ही प्रदान की जाए और संस्कार न दिए जाएं तो हमारे युवा छात्र गलत दिशा में भी जा सकते हैं।


कुरुक्षेत्र। मुख्य अतिथि गुरमीत सिंह सैनी एवं जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र के पदाधिकारी छात्रों को स्टेशनरी वितरित करते हुए।

इसलिए जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र हरियाणा समय-समय पर अनेक विद्यालयों में जाकर बच्चों को संस्कारित करने का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन गुरनाम सिंह सैनी, ग्राम कलाल माजरा के समाज सेवी कुलदीप सिंह सैनी, जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र के वरिष्ठ प्रधान जगमोहन बंसल, देशराज भटनागर, केसी वर्मा, धर्म सिंह, बेअंत सिंह आदि मौजूद रहे।



### सुभाष सुधा ने वार्ड 26 में 2 गलियों के निर्माण कार्यों का किया शुभारंभ

कुरुक्षेत्र। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर शहर में विकास कार्यों में सरकार की तरफ से कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा वार्ड नंबर 26 में नगर परिषद की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने सुभाष कारपेंटर के घर से लेकर किरण के घर तक व किरण के घर से लेकर मलखान के घर तक बनने वाली गली का नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया।

# सीएम ने हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को किया लागू : कैलाश सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

- लाडवा में दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के हर वर्ग के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है। प्रदेश के लोगों की जरुरतों के हिसाब से लगातार नई-नई योजनाओं को तैयार करके नीतियों को लागू किया जा रहा है। लाडवा विधानसभा के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी बुधवार को लाडवा में दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की तरफ से पत्रकारों को सम्मान के रूप में गिफ्ट भेंट करते हुए दीपावली की बधाई व शुभकामनाएं दी। प्रभारी



कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा बाबैन की तहसील से भू-मित्र व्हाट्सएप चैटबॉट के लॉन्च करने से राजस्व विभाग की सेवाओं के लिए लंबी कतारों और जटिल नौकरशाही प्रक्रियाओं के दिन तेजी से खत्म हो रहे हैं। इस मौके पर चेयरमैन डा. गणेश दत्त, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, सचिन मित्तल, नरेंद्र सिंघल, सन्नी कालड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।




### जरुरतमंद बेटी शादी में किया आर्थिक सहयोग

पिहोवा। रोटरी क्लब पिहोवा ने मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए एक जरूरतमंद बेटी की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान किया। क्लब की ओर से शादी के लिए आवश्यक घरेलू सामान और फर्नीचर का सम्मान भेंट किया गया। इस नेक कार्य में सैंसंस पेपर मिल के एम.डी. प्रदीप सैनी का विशेष सहयोग रहा। रोटरी क्लब के प्रधान डॉ. अमित अरोड़ा ने बताया कि यह जानकारी उन्हें गांव नानकपुरा के सरपंच मनदीप सिंह के माध्यम से मिली, जिन्होंने बताया कि गांव की एक लड़की बेहद आर्थिक रूप से कमजोर है और उसके माता-पिता भी नहीं हैं। इस पर रोटरी क्लब के सभी सदस्यों ने एकमत होकर उस बेटी की शादी में सहयोग करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर डॉ. अवनीत ने भावुक शब्दों में कहा कि यह बेटी अनाथ नहीं है, रोटरी क्लब उसका परिवार है। हम उसके मां-बाप हैं, हम उसके भाई हैं, और रोटरी क्लब हमेशा उसके साथ खड़ा रहेगा। रोटरी क्लब और प्रदीप सैनी के इस कदम की पूरे क्षेत्र में सराहना की जा रही है, जिसने समाज में एक बार फिर मानवता और संवेदना का सुंदर उदाहरण पेश किया है। इस मौके पर सचिव गौरव बंसल, कोषाध्यक्ष मोहित चावला, डॉ.अवनीत वड़ैच, डॉ. जसबीर सिंह, आशु वासन , तरुण बंसल, अजरावर सिंह आदि मौजूद रहे।

# खेल शरीर के साथ मन, मस्तिष्क व चरित्र को भी मजबूत बनाते : सुधा

- पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा एसकेएस इंटरनेशनल गुरुकुल के वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा एसकेएस इंटरनेशनल गुरुकुल के वार्षिक खेल प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं। यह हमें सिखाते हैं कि हार और जीत दोनों जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन सच्चा खिलाड़ी वही है जो हार के बाद भी मुस्कुराकर फिर से मैदान में उतरता है। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि मन, मस्तिष्क और चरित्र को भी मजबूत बनाते हैं।




### बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम किए प्रस्तुत

सुभाष सुधा ने कहा कि आज के समय में जब बच्चों का ध्यान मोबाइल, टीवी और इंटरनेट की ओर अधिक बढ़ रहा है, ऐसे में खेल हमें शारीरिक गतिविधियों की ओर लौटने का अवसर देते हैं। अवसर पर बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर डायरेक्टर आचार्य नंद किशोर रोहतक, चेयरमैन गुरप्रीत सिंह, रजिस्ट्रार कुलजीत सिंह , पार्षद मनिंदर छिन्दा, बलविंदर सिंह, मिली सेठी प्रिंसिपल मोजूद रहे।


कुरुक्षेत्र। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों को सम्मानित करते मंच के पदाधिकारी एवं अतिथिगण।

### भारतीय पत्रकार कल्याण मंच ने मनाई स्वदेशी दीपावली, मीडिया कर्मियों को किया सम्मानित

कुरुक्षेत्र। दीपावली का पर्व त्यौहार हमें नकारात्मकता और अज्ञानता को दूर कर आंतरिक प्रकाश, सकारात्मकता और ज्ञान को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। साथ ही, यह परिवार और समुदाय को एक साथ लाती है और साझा करने, कृतज्ञता और एकता का प्रतीक है। यह विचार हरियाणा पुलिस शिकायत प्राधिकरण के चेयरमैन डा. आर.सी. मिश्र ने भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारम्भ मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा संचालित मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियो द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार सुभाष सुधा ने भारतीय पत्रकार कल्याण मंच द्वारा हरियाणा के पत्रकारों के हितो मे किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि दिवाली रोशनी, जीत और समृद्धि का पर्व है, जिसे अंधकार पर प्रकाश की विजय और बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है।


कुरुक्षेत्र। गीता कुंज आश्रम बद्रीनाथ मंदिर में सियाराम कुटिर का निर्माण का शुभारंभ करते डॉ नीलिमा शांगला साथ में स्वामी मुक्तानंद जी महाराज।

### कार्तिक मास में पूजा अर्चना करने से प्रसन्न होते हैं भगवान विष्णु : डॉ नीलिमा शांगला

कुरुक्षेत्र। ज्योतिसर स्थित श्रीगीता कुंज आश्रम बद्रीनाथ मंदिर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंज्यूमर कोर्ट की अध्यक्ष न्यायधीश डॉ नीलिमा शांगला ने अपनी माता रानी शांगला की पुण्य स्मृति में इस सियाराम कुटिर का भवन का निर्माण कार्य करवाया। स्वामी मुक्तानंद जी महाराज ने डॉ नीलिमा शांगला को तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया। इस मौके पर स्वामी मुक्तानंद जी महाराज ने कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार साल का 8वां महीना कार्तिक मास होता है। इस माह में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। ये महीना धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस महीने में दिवाली, धनतेरस और छठ पूजा जैसे कई त्यौहार पड़ते हैं। इस माह के लिए कुछ विशेष उपाय बताए गए हैं, जिनको करने से भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। साथ ही घर में सुख समृद्धि और धन्य धान्य बढ़ता है। डॉ नीलिमा शांगला ने कहा कि कार्तिक मास में भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए माता तुलसी का पूजन करना चाहिए। साथ ही तुलसी के नीचे दीपक जलाना चाहिए। ऐसा करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं। इससे उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है और घर में धन का भंडार भरा रहता है।

### फसल अवशेष प्रबंधन सीआरएम स्कीम का लाभ उठाएं किसान

लाडवा। उपमंडल अधिकारी नागरिक पंकज सेतिया ने कहा कि कृषि विभाग ने फसल अवशेष प्रबंधन के लिए सीआरएम के नाम से स्कीम शुरू की हुई है। इसके अंतर्गत किसानों को पराली नहीं जलाने पर 1200 रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से अनुदान दिया जाता है। एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि धान की पराली का किसान अपने खेत में ही प्रबंधन कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। खेत में ही रोटावेटर आदि मशीन का प्रयोग कर धान की पराली को मिट्टी में मिलाया जा सकता है। जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होगी। इसके अलावा पराली को थ्रेसर से कटवा कर चारा के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। एक अन्य विकल्प बेलर से इसकी गांठें बनवा कर उनको बेचने का भी है। एसडीएम ने बताया कि पराली को जलाया तो प्रदूषण निरोधक अधिनियम के तहत दोषी को 30 हजार रुपए तक जुर्माना या 6 माह की सजा हो सकती है।

**कार्यक्रम** नवीन जिन्दल फाउंडेशन और स्टेट काउंसिल फॉर साइंस, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ने किया आयोजन

# कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर में साइंस मैजिक शो एवं प्रदर्शनी का आयोजन

क्षेत्र के विभिन्न सरकारी और निजी विद्यालयों के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल के निदेर्शानुसार कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर, कुरुक्षेत्र में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से साइंस मैजिक शो और मोबाइल साइंस लेबोरेटरी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नवीन जिन्दल फाउंडेशन तथा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी, पंचकूला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस आयोजन में क्षेत्र के विभिन्न सरकारी और निजी विद्यालयों के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि जगाना और उन्हें प्रयोगों के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करना था। प्रख्यात वैज्ञानिक प्रो. केया धर्मवीर एवं उनकी टीम द्वारा मंच पर कई रोचक वैज्ञानिक प्रयोग प्रस्तुत किए, जिनमें जादू और विज्ञान का अद्भुत संगम देखने को मिला। इन प्रयोगों ने बच्चों को विज्ञान के रहस्यों को मनोरंजक ढंग से समझने का अवसर दिया।



### छात्रों में विज्ञान क प्रति नई ऊर्जा का हुआ संचार

हरियाणा सरकार के पूर्व मुख्य सचिव श्री धर्मवीर ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और नवाचार को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर तथा नवीन जिन्दल फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहलें विद्यार्थियों को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होंगी। इस अवसर पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन (स्किल डेवलपमेंट) से डॉ. मनीष मिश्रा ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में सीखने की जिज्ञासा और विज्ञान के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन से छात्रों में विज्ञान, नवाचार और रचनात्मकता के प्रति नई ऊर्जा का संचार हुआ है। आने वाले समय में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन केंद्र के कैंपस में होता रहेगा ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके। उल्लेखनीय है कि हाल ही में सांसद नवीन जिन्दल ने पिहोवा के गांव टीकरी में इस मोबाइल साइंस लेबोरेटरी वैन को हरी झंडी देते कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर के कैंपस में छात्रों को साईंस की प्रदर्शनी दिखाने की इच्छा जाहिर की थी। आज उस पर अमल करते हुए सेंटर में यह आयोजन किया गया। इसके सफल आयोजन के लिए महिपाल शर्मा, अभिषेक सहगल, डॉ. जय गोपाल धीमान और तान्या काला उपस्थित रहे।

## जिला कष्ट निवारण समिति की मीटिंग में आई 12 में से छह शिकायतों का समाधान

# पथरी के ऑपरेशन में हालत बिगड़ी,दूसरे अस्पताल किया रेफर, पति की मौत पर लापरवाही के आरोप

- निजी अस्पताल संचालक पर लगाया लापरवाही का आरोप
- मंत्री ने नेगलीजेंस बोर्ड से जांच करवाने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण (भवन व सड़कें) विभाग मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बुधवार को अंबाला शहर के पंचायत भवन के सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में 12 शिकायतों पर सुनवाई की। इनमें से 6 का समाधान किया गया।

6 शिकायतों पर अगली मीटिंग में अफसरों को जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, उपायुक्त अजय सिंह तोमर, नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र लाठर व समिति के गैर सरकारी सदस्य व प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह भी बताया कि सूबे के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में हर जगह पर समान रूप से विकास कार्यों को करवाने का काम किया जा रहा है। आमजन को विकास कार्यों की सौगात बिना किसी देरी के समयबद्ध तरीके से पूरी गुणवत्ता से मिले इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने मौके पर प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की बधाई दी और सभी के जीवन में खुशियां आएं ऐसी प्रभु से कामना भी की।



अंबाला। बुधवार को लोकसंपर्क एवं जिला कष्ट निवारण समिति की मीटिंग में शिकायतें सुनते मंत्री व शिकायतकर्ता। फोटो: हरिभूमि

### सुषमा ने बताया कि पति को कैंसर के लक्षण थे

लालकुर्ती की सुषमा ने अपनी शिकायत मे बताया कि उसके पति विकास कुमार का पित्ते की पथरी का अंबाला छावनी के एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन हुआ था। उसने आरोप लगाया कि उसके पति को बाद में किसी अन्य अस्पताल में भेज दिया गया। वहां पर जांच के दौरान पता चला कि उसके पति को कैंसर के लक्षण थे। उसने पित्ते की पथरी के ईलाज में निजी अस्पताल पर लापरवाही के आरोप लगाए। चिकित्सकों की लापरवाही से पति की मृत्यु हो गई है। इस मामले में सीएमओ ने बताया कि प्रार्थी आयुष्मान कार्ड धारक है। ईलाज के दौरान उससे पैसा नहीं लिया गया है। इस मामले में डाक्टरों द्वारा जांच भी की गई है। इस मामले में मंत्री ने प्रार्थी की शिकायत पर बोर्ड से जांच करवाने के निर्देश दिए। प्रार्थी ने मंत्री को बताया कि ससुराल पक्ष द्वारा उसे घर से निकाल दिया गया है। इस बारे में मंत्री ने एसपी को कहा कि वे इस विषय पर शिकायत लेकर प्रार्थी को न्याय दिलवाएं। इसी प्रकार बैठक में वार्ड नंबर 1 से राज कुमार व अन्य ने हीरानगर - घेल रोड़ में नालों के गंदे पानी की निकासी न होने से नालों में गंदा पानी भरा हुआ है। एसए जैन कॉलेज से जो नाले घग्गर नदी में जाते है वह भी अधूरे पडे हैं। इस मामले में नगर निगम के कार्यकारी अभियंता ने बताया कि नाले के अधूरे पडे कार्य को जल्द करवा दिया जाएगा। आगे जो नया नाला बनाया जाना है उसके लिए विभाग द्वारा एस्टीमेट बनाकर भेजा हुआ है। टेंडर की प्रक्रिया मिलते ही नए नाले को बनाने का काम किया जाएगा। इस मामले में मंत्री ने कार्यकारी अभियंता, डीएफओ व मंडल अध्यक्ष को नियुक्त करते हुए कहा कि वे मामले की जांच करें। शॉर्ट टर्म प्रक्रिया के तहत टेंडर लगवाकर नए नाले के निर्माण का कार्य करवाएं ताकि गंदे पानी की निकासी सुगमता से हो सके। इसी प्रकार पतरेहडी ग्राम पंचायत ने अपनी शिकायत में बताया है कि पतरेहडी में जो फ्लाईओवर राष्ट्रीय राजमार्ग चंडीगढ द्वारा बनाया गया है। वहां पर बरसात के दिनों में पानी निकासी न होने के चलते वहां पर पानी भर जाता है। इसके चलते आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पडता है। इस मामले में एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि पानी की निकासी के लिए यहां पर कार्य किया जाएगा और जल्द ही इस पर कार्य शुरू करवाकर इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

**यह रहे मौजूद:** इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, एसडीएम शिवजीत भारती, नगराधीश अभिषेक गर्ग, सीईओ जिला परिषद गगनदीप सिंह, अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त दीपक सूरा, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, आरटीए सुशील कुमार, कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य तथा जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### बैठक में इन शिकायतों पर सुनवाई

बैठक के दौरान गांव कालपी से आए मनजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह व अन्य ने अपनी शिकायत में बताया कि गांव कालपी में एनएच 73 वाया पंचकूला से यमुनानगर के दाईं तरफ नजदीक गौचरांद भूमि के पास सिगमा इंडस्ट्रियल पार्क नाम की कंपनी द्वारा एक कॉलोनी काटी जा रही है। इसकी सडकों की उंचाई लगभग 6 फीट की जा रही है जिसके साथ कालपी व नोहनी की सैंकडो एकड जमीन लगती है। इस जमीन की पानी की निकासी इसी कालोनी से होने वाली जमीन से होकर निकलती है लेकिन अब वहां कॉलोनी निर्माण से यह पानी की निकासी रूक जाएगी। इस जमीन में पानी रूकने से फसलें बर्बाद हो सकती हैं। इस मामले में विभागीय अधिकारी ने बताया कि पानी निकासी के लिए यहां पर 36 इंच के पाइपडालने का काम किया जाएगा। इस कार्य को जल्द शुरू कर दिया जाएगा। मंत्री ने शिकायत पर काम शुरू होने की रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। गांव सिंघावाला व शिवालिक कॉलोनी के संदीप कुमार व अन्य ने अपनी शिकायत में बताया कि वर्ष 2019 में उन्होंने रकबा तादादी 84.27 वर्ग गज व 76.67 वर्ग गज तथा 135 वर्ग गज के प्लाट खरीदे थे। उन्हें बताया गया था कि इन प्लाटों के आगे गलियों का रास्ता लगाया जाएगा जोकि रजिस्टरी में दर्शाया गया था। उन्होने आरोप लगाया कि उनके गलियों के आगे जो रास्ता छोड़ा गया है उस पर नजायज कब्जा है। नगर योजनाकार जेई ने बताया कि जल्द समस्या का हल कर दिया जाएगा।

### रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत करें

इसी प्रकार गांव बिहटा के पवन कुमार, अश्वनी चौहान तथा तेपला के इंद्रजीत सिंह व अन्य ने अपनी शिकायत में बताया कि बिहटा व तेपला के रहने वाले किसानों के खेतों से एक नदी निकलती है जोकि शामली-अंबाला हाइवे बनने से बंद हो गई है। खेतों में जाने के लिए रास्ता न होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पडता है। एनएचएआई के डिप्टी मैनेजर ने बताया किपानी निकासी के लिए पुलिया बनाने का काम किया जाएगा। प्रार्थियों ने मंत्री को अवगत करवाया कि इन पुलियों से पानी निकासी नहीं होगी। मंत्री ने इस मामले में लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता के साथ एक मेंबर को नियुक्त करते हुए उस जगह का मुआयना करने के निर्देश दिए हैं। जम्मू कश्मीर के गांव रेका के बलजीत सिंह ने बताया कि वह सेना में कार्यरत है। उसने अपने लडक़े का दाखिला नौंवी के लिए कालपी के कैरियर डिफेंस स्कूल में करवाया था। उसे बताया गया था कि यह स्कूल बारहवीं तक है। बाद मे पता चला कि यह बारहवीं तक नहीं है आठवीं तक का है। उसने बेटे की एडमिशन के लिए 3 लाख 10 हजार की राशि दी थी। मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर ने बताया कि इस मामले में प्रार्थी को दो किश्तो में 2 लाख की राशि दे दी गई है। मंत्री ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वे इस मामले में उक्त स्कूल का निरीक्षण करें कि यह स्कूल किस लेवल का है। उसकी रिपोर्ट लेकर आगामी बैठक में प्रस्तुत करें।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस को आरएसएस से लगता है डर: विज

**अंबाला।** श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि "जैसे पक्षी को अंधेरे से डर लगता है, वैसे ही कांग्रेस को आरएसएस से डर लगता है, क्योंकि आरएसएस धर्म और जाति के नाम पर राजनीति करने की उनकी नीति को समाप्त करती है। विज ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की सुरक्षा, पारदर्शिता और विकास के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विपक्ष के झूठे आरोपों से विचलित नहीं होगी।

### रोज़गार मेले में 15 प्रशिक्षुओं का चयन

शहजादपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भारांपुर में संस्थान के प्रधानाचार्य सुलतान सिंह के दिशा निर्देशानुसार शिक्षुता एवं रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोज़गार मेले में कई कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे । भर्ती प्रक्रिया में 21 प्रशिक्षुओं ने हिस्सा लिया जिनमें से 15 प्रशिक्षु चयनित किए गए। प्लेसमेंट अधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि यह परिणाम हमारे प्रशिक्षुओं की गुणवत्ता, अनुशासन एवं व्यावहारिक कौशल का प्रमाण है।

### वितरण की अवधि 20 अक्टूबर तक बढ़ाई

**अंबाला।** जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अपार तिवारी ने बताया कि महानिदेशक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निर्देशानुसार मास सितम्बर-2025 की सभी आवश्यक राशन वस्तुओं की वितरण की अवधि 20 अक्तूबर 2025 तक बढ़ा दी गई है। लाभार्थी मास सितंबर-2025 का गेहूं, चीनी तथा सरसों तेल प्राप्त करने से वंचित रह गया है तो पोस मशीन में अंगूठा लगाकर 20 अक्तूबर 2025 के बाद गेहूं, चीनी तथा सरसों तेल वितरित नहीं किया जाएग।

# नेता विपक्ष राहुल की ओर से एडीजीपी वाई पूरन कुमार को दी गई श्रद्धांजलि

- अंतिम संस्कार के दौरान विधायक निर्मल सिंह व पूजा चौधरी ने पार्थिक शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला शहर के विधायक चौधरी निर्मल सिंह व मुलाना की विधायक पूजा चौधरी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के प्रतिनिधि के रूप में एडीजीपी वाई. पूरन कुमार के अंतिम संस्कार में सम्मिलित होकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए नमन किया। चौधरी निर्मल सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वाई. पूरन कुमार केवल एक अधिकारी नहीं थे बल्कि अपने कर्तव्य, साहस और नैतिकता के प्रतीक थे। उनका जाना पुलिस सेवा के आत्मबल को गहराई से आहत करता है। यह क्षति केवल एक परिवार की नहीं बल्कि पूरे तंत्र की है। जहां ईमानदारी-कर्तव्यनिष्ठा को अक्सर अकेला छोड़ दिया जाता है।


अंबाला। एडीजीपी के अंतिम संस्कार के दौरान पुष्प चक्र अर्पित करते विधायक निर्मल व अन्य।

### कांग्रेस इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ी

निर्मल सिंह ने राहुल गांधी की ओर से मृतक अधिकारी के परिजनों को संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है और तब तक खड़ी रहेगी जब तक न्याय नहीं मिल जाता। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री से इस पूरे मामले की निष्पक्ष, उच्च स्तरीय जांच की मांग की है ताकि सच्चाई सामने आए और दोषी व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सजा मिले। निर्मल सिंह ने कहा कि न्याय ही वह दीप है जो अंधकार में डगमगाते विश्वास को पुनः जगाता है। किसी भी समाज में कानून और न्याय की प्रतिष्ठा तब तक नहीं बन सकती जब तक सत्ता अपनी ज़िम्मेदारी और नैतिक उत्तरदायित्व को नहीं समझती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस आशा और संकल्प के साथ परिवार के साथ है कि न्याय की लौ कभी मंद नहीं होगी।

## 53 फीसदी एकड़ से धान की कटाई का काम पूरा, आगजनी की घटना जीरो

**अंबाला।** उप कृषि निदेशक जसविंदर सैनी ने ने बताया है कि जिला में 2.33 लाख एकड़ में से करीब 1.24 लाख एकड़ की कटाई हो चुकी। 53 प्रतिशत कटाई के बाद अब तक आगजनी के मामले शून्य हैं। प्रशासन एवं कृषि विभाग की टीमों का जिला में पराली जलाने की घटनाओं को शून्य पर लाने का लक्ष्य है। प्रशासन एवं कृषि विभाग की मुस्तैदी एवं किसानों के सहयोग के चलते जिला में 14 अक्टूबर 2025 कोई भी आगजनी घटना नहीं हुई है। प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा इस बार जिला के 499 गांवों में धान की पराली को जलाने से रोकने के लिए 639 नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

### येलो जोन में 19 गांव

नोडल अफसरों में कृषि विभाग का कर्मचारी, पटवारी व ग्राम सचिव शामिल है। येलो जोन में 19 गांव है जहां पिछले वर्ष 2 से अधिक व 5 से कम आगजनी की घटना हुई थी। नोडल अधिकारी गांव-गांव जाकर किसानों की पराली जलाने पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। किसानों से पराली न जलाने की अपील कर रहे है। उप कृषि निदेशक ने बताया है कि पराली जलाने वाले किसान की पोर्टल पर रेड एंट्री दर्ज की जाएगी जिस पर किसान दो साल तक किसान एमएसपी पर फसल नहीं बेच पाएगा, किसान के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज होगी। 5 से लेकर 30 हजार रूपये तक जुर्माना भी होगा । कृषि विभाग की ग्राम स्तरीय टीमें किसानों को बेलरों से पराली की गांठें बनवानें और सुपर सीडर वा रोटावेटर से अवशेषों को मिट्टी में मिलाने के लिए प्रेरित कर रही है तथा सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन करने पर किसानों को 1200 रूपये प्रति एकड प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। सहायक कृषि अभियंता सुभाष चंद्र के अनुसार येलो जोन वाले गांव में पराली न जलाने को लेकर निरंतर मुनादी करवाई जा रही है और विशेष कैंप लगाकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी स्पर्धा आयोजित

**बराड़ा।** महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में बुधवार को सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. एसके शर्मा के संरक्षण तथा महाविद्यालय सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहजादपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए यातायात नियमों के पालन की महत्ता पर प्रकाश डाला। सड़क पर वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग जीवन रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# छात्रों ने समृद्ध संस्कृति की झलक पेश की

- यूथ फेस्टिवल का दूसरा दिन उत्साह और युवा जोश से सराबोर रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला शहर के एसए जैन कॉलेज में आयोजित 48वें जोनल यूथ फेस्टिवल का दूसरा दिन ऊर्जा, उत्साह और युवा जोश से सराबोर रहा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार और भाजपा नेता रितेश गोयल ने मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत की। उनका स्वागत कॉलेज प्रशासन और विद्यार्थियों ने फूलों के गुलदस्ते और तालियों की गड़गड़ाहट से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर और नवकार मंत्र के साथ किया गया। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य, प्रबंधक समिति पदाधिकारी, स्टाफ सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कॉलेज प्रबंधन की ओर से मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आये छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। रितेश गोयल ने अपने संबोधन में युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा ही देश की असली ताकत हैं और राष्ट्र की प्रगति में उनका योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज का युवा यदि अपने लक्ष्य को पहचान ले और दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़े तो कोई भी बाधा उसके मार्ग में नहीं टिक सकती। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सोशल मीडिया या अन्य भ्रमों में उलझने के बजाय जीवन के उद्देश्य पर ध्यान केंद्रित करें।


अंबाला। मुख्यअतिथि रितेश गोयल को सम्मानित करते कॉलेज प्रबंधन समिति के पदाधिकारी।

### अपनी ताकत को पहचान कर मेहनत करें

उन्होंने यह भी कहा कि हर युवा के भीतर अपार क्षमता होती है, बस जरूरत है उसे सही दिशा देने की। "आप अपनी ताकत को पहचानें, मेहनत करें और अपने लक्ष्य को पाने तक हार न मानें। सफलता उन्हीं के कदम चूमती है जो लगातार प्रयास करते रहते हैं। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य, गीत, नाटक और लोककला के माध्यम से हरियाणा की समृद्ध संस्कृति की झलक पेश की। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया और कॉलेज परिसर तालियों की गूंज से भर उठा। इस अवसर पर रितेश गोयल ने पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार और पूर्व मंत्री असीम गोयल के निर्देशानुसार कॉलेज के विकास के लिए एक बड़ा ऐलान भी किया। उन्होंने मंत्री कृष्ण लाल पंवार के फंड से 7 लाख रुपये की राशि कॉलेज को देने की घोषणा की ताकि छात्रों के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित की जा सकें और कॉलेज को आधुनिक रूप दिया जा सके। घोषणा के बाद कॉलेज प्रशासन और विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। कॉलेज प्राचार्य ने इस सहयोग के लिए मंत्री कृष्ण लाल पंवार, पूर्व मंत्री असीम गोयल और रितेश गोयल का आभार व्यक्त किया। गोयल ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल प्रतिभा को मंच मिलता है, बल्कि युवा अपने आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी पहचान पाते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के फेस्टिवल युवाओं में देशभक्ति, संस्कृति और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत करते हैं। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सूर्यकांत जैन,सचिव हितेश जैन,सह सचिव राजीव जैन,वित्त सचिव अमन जैन,कॉलेज प्रधानाचार्य आभा बंसल,भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरविंदर सिंह,दिनेश पांचाल,रोहित गुप्ता व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## लघु बाल भवन में आयोजित किया गया दीपावली पर्व

# दीवाली खुशियों का त्योहार, हर्षोल्लास के साथ मिलकर मनाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष अजय सिंह तोमर ने कहा कि दीपावली पर्व खुशियों का त्यौहार है। इस पर्व को हमें हर्षोल्लास के साथ मिलकर मनाना है। ग्रीन पटाखों का प्रयोग करना है। उपायुक्त ने यह अभिव्यक्ति बाल कल्याण परिषद द्वारा लघु बाल भवन अंबाला छावनी में दीपावली पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहे। इस मौके पर उनके साथ आयुष्मान भारत की मुख्य कार्यकारी अधिकारी संगीता तेतरवाल, एसीयूटी राहुल कंवरिया, शिवालिक विकास एजेंसी से सीईओ पूजा सैनी भी मौजूद रही।




अंबाला। कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देते छात्र व बच्चों को मिठाई बांटते डीसी।

### बच्चों ने लघु नाटिका की बेहतर प्रस्तुति पेश की

उपायुक्त व अन्य अतिथियों का यहां पहुंचने पर जिला बाल कल्याण अधिकारी ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। तोमर ने दीपक जलाकर दीपावली पर्व की उपस्थित सभी को बधाई दी। उपायुक्त ने इस मौके पर कहा कि दीपावली पर्व सभी के घर में खुशियां लेकर आए, इसके लिए उन्होंने प्रभु से कामना भी की। उन्होंने कहा कि जब भी बच्चे पटाखे जलाएं तो संभालकर जलाएं। ग्रीन पटाखों का ही प्रयोग करें तथा अभिभावक भी यह ध्यान रखें कि जब भी बच्चे पटाखे जलाएं तो वह उनके साथ रहें। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से यह भी कहा कि दीपावली पर्व पर दीपक एवं रोशनी की महत्वता के बारे में बच्चों को बताएं। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित सभी बच्चों को मिठाई देकर दीपावली पर्व की बधाई दी। उपायुक्त ने इस मौके पर बाल कल्याण परिषद में बच्चों द्वारा दीपावली पर्व पर तैयार किए गए उत्पादों जिनमें दीए, मोमबत्ती, व पेंटिंग के साथ-साथ जो अन्य उत्पाद थे उनको देखा व उनकी भूरि-भूरि सराहना की। उन्होंने बाल कल्याण परिषद द्वारा बच्चों के उत्थान के लिए विशेषकर स्लम एरिया में रहने वाले बच्चों के लिए जो कार्य एवं गतिविधियां की जा रही है उसकी भी सराहना की और कहा कि बाल कल्याण परिषद को इन गतिविधियों के विस्तार के लिए जो भी प्रशासन की आवश्यकता होगी वह उन्हें उपलब्ध करवाई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान श्री राम आएंगे तो मैं अंगना सजाउंगी। भगवान श्री राम पर आधारित लघु नाटिका व सरस्वती वंदना की बेहतर प्रस्तुति पेश की। इस दौरान सभी ने बच्चों की प्रस्तुति देखकर खूब तालियां बजाईं।

### उपायुक्त ने 200 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया

उपायुक्त ने लगभग 200 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने इस मौके पर यह भी बताया कि बाल कल्याण परिषद द्वारा कौशल विकास केंद्र के माध्यम से बच्चों को कम्पयूटर कोर्स, सिलाई-कढाई प्रशिक्षण व ब्यूटी पार्लर के कोर्स के साथ-साथ अन्य स्किल्स का प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्हें भी प्रमाण पत्र वितरित किया गया है। इस मौके पर जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का यहां पहुंचने पर स्वागत करते हुए बाल कल्याण परिषद की गतिविधियों बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लघु बाल भवन अम्बाला छावनी में शैल्टर होम भी स्थापित हैं। लघु बाल भवन में हर वर्ष दीपावली पर्व के साथ-साथ होली पर्व, लोहड़ी व 15 अगस्त व 26 जनवरी कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाता है।